# Patrika

## MPPSC: New Dates Announced Interviews from August 29 to October 26

**जबलपुर।** एमपी-पीएससी द्वारा राज्य सेवा परीक्षा-2014 के लिए आयोजित मेन्स में पासआउट स्टूडेंट्स की इंटरव्यू डेट्स जारी की गई हैं। गौरतलब है कि इंटरव्यू **29 अगस्त से 26 अक्टूबर** तक आयोजित किए गए हैं। वहीं राज्य सेवा परीक्षा-2016 की मुख्य परीक्षा 1 से 7 अक्टूबर तक आयोजित होनी है।

जिसके चलते ऐसे आवेदक जो मुख्य परीक्षा में शामिल होने वाले हैं, उन्होंने इंटरव्यू डेट चेंज करने का आवेदन किया था। 27 अगस्त तक प्राप्त आवेदनों के आधार पर तकरीबन 116 आवेदकों को इंटरव्यू की नई डेट्स दी गई हैं। जो नवम्बर के पहले सप्ताह में होंगे।

वहीं 12 सितम्बर के बाद मिले आवेदनों के लिए साक्षात्कार की नई तिथियां 19 सितम्बर तक आयोग की वेबसाइट पर जारी की जाएंगी। आवेदकों को पहले भेजे गए एडमिट कार्ड मान्य होंगे। जिनके साथ उन्हें निर्धारित तिथि पर सुबह 10 बजे आयोग कार्यालय में पहुंचना होगा।